NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-35, पृष्ठ : 12 | रविवार, 10 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र


# ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने दिया था फ्रीहैंड: आर्मी चीफ

## हम चेस खेल रहे थे, न हमें, न दुश्मन को पता था अगला कदम क्या होगा

**नई दिल्ली।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं।'

उन्होंने कहा- हम शतरंज की चालें चल रहे थे और वह (दुश्मन) भी शतरंज खेल रहा था। कहीं हम उन्हें शह और मात दे रहे थे तो कहीं हम अपनी जान गंवाने के जोखिम पर भी हार मान रहे थे, लेकिन यही तो जिंदगी है।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। 4 अगस्त को ~~कक्ष~~ मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान उन्होंने यह बात कही थी। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर-आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में एक नया अध्याय' पर भी



संबोधित किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को सुनियोजित, खुफिया-आधारित ऑपरेशन बताया, जो एक सैद्धांतिक बदलाव को दर्शाता है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है।

### 'तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण'

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण बताया। वे 21वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी) के प्रतिभागियों और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने सशस्त्र बलों में संयुक्तता और एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण पर बात की। उन्होंने एकीकृत अभियानों के भविष्य के रोडमैप को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं का भी जिक्र किया।

# 40 फीट नीचे नदी में जा गिरी कार, चार युवकों की हुई मौत

**गुजरात।** अरावली के मोडासा में माजुम पुल पर एक कार तेज गति से दौड़ती जा रही थी, कार अचानक अनियंत्रित हुई और 40 फीट नीचे नदी में जा गिरी। इस हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। ये हादसा मोडासा शहर के शामलाजी बायपास इलाके में हुआ, जिसमें माजुम नदी पर बने पुल से एक कार नीचे गिर जाने से गंभीर घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और पुल पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार, नौ अगस्त की रात करीब साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार कार के चालक ने अचानक नियंत्रण



खो दिया, नियंत्रण बिगड़ने से कार लहराती हुई पुल से सीधे 40 फीट नीचे बह रही नदी में गिर गई। कार में कुल चार युवक सवार थे, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## बेकाबू थार का कहर, दो लोगों को कुचला, एक एक की मौके पर मौत तो दूसरा गंभीर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बेकाबू तेज रफ्तार थार का कहर देखने को मिला है। थार ने सड़क पर पैदल चल रहे दो लोगों को कुचल दिया। जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, हादसा नई दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में हुआ है। थार गाड़ी ने दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दूसरे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 11 मूर्ति के पास हुई है। बताया जा रहा है कि सड़क पार करने के दौरान हादसा हुआ है।

### तेजस्वी यादव का बड़ा आरोप

## सबूत दिखाकर बोले- विजय सिन्हा के भी दो ईपीआईसी नंबर

**पटना।** डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी ने बड़ा आरोप लगा दिया है। राजद और कांग्रेस ने दावा किया है कि डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के पास दो ईपीआईसी नंबर है। उन्होंने दो जगह से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का फॉर्म भरा। तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर रविवार सुबह प्रेस वार्ता की। उन्होंने सवाल पूछा कि किस कारण से डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बांकीपुर और लखीसराय से एसआईआर फॉर्म भरा? उनका नए वोटर लिस्ट में दो जगह नाम कैसे आया? इतना ही नहीं दोनों वोटर लिस्ट में डिप्टी सीएम के उम्र भी अलग-अलग है। लखीसराय वाले वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 57 साल है। वहीं बांकीपुर में उन्होंने 60 साल अपनी उम्र बताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए और डिप्टी सीएम को इसका जवाब देना चाहिए। यह गंभीर मुद्दा है। तेजस्वी ने कहा कि अगर विजय सिन्हा



गलत पाए गए तो वह फौरन इस्तीफा दें। अगर चुनाव आयोग गलत पाया गया तो मतदाता पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर देनी चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मतदाता सूची प्रारूप में दो अलग-अलग जगह पीएम नरेंद्र मोदी के दुलरुवा विजय सिन्हा का नाम आ गया है। क्या अब चुनाव आयोग दो ईपीआईसी नंबर पर इनसे जवाब मांगेगी? क्या पटना और लखीसराय जिला प्रशासन डिप्टी सीएम विजय सिन्हा से जवाब मांगेगी? क्या इन पर प्राथमिकी दर्ज होगी? जितनी जल्दी मेरे ऊपर आरोप लगाकर नोटिस भेजी गई? क्या उतनी जल्दी विजय सिन्हा पर कार्रवाई होगी?






## छड़ी मुबारक अमरनाथ गुफा पहुंची, यात्रा का समापन

- बारिश के चलते 3 अगस्त को रोकी गई थी; इस साल 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**नई दिल्ली।** अमरनाथ गुफा में पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ विशेष पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए। अमरनाथ गुफा में पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ विशेष पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए।

अमरनाथ यात्रा का समापन शनिवार को छड़ी मुबारक के पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने के साथ हुआ। पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ विशेष पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से 3 अगस्त से ही रोक दी गई थी। इस साल 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन किए, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे।

# किश्तवाड़ में सेना की मुठभेड़ जारी, दो आतंकी हैं छिपे

**जम्मू।** रविवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया किआतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने पहाड़ी जिले के दूल इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा तलाशी दलों को देखते ही, छिपे हुए आतंकवादियों, जिनकी संख्या दो मानी जा रही है, ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।



सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट पर मुठभेड़ की पुष्टि की। उसने कहा कि सतर्क सैनिकों ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाते हुए रविवार तड़के आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया और गोलीबारी की।

बता दें कि घाटी में भारतीय सेना पूरी तरह से सतर्क है। इससे पहले शुक्रवार देर रात को कुलगाम जिले के अखल देवसर वन क्षेत्र में चल रहा आतंकवाद विरोधी अभियान अपने 10वें दिन प्रवेश कर गया। इसमें एक स्थानीय नागरिक मारा गया है। इस अभियान में सेना के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेना के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी शुक्रवार को रात भर जारी रही, जिसमें दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए। शुक्रवार देर रात आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी में सेना के चार जवान घायल हो गए थे। इनमें से दो की मौत हो गई। दोनों सैनिकों की पहचान 19 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कांस्टेबल हरमिंदर सिंह और लांस नायक प्रीतपाल सिंह के रूप में हुई है। चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि चिनार कोर अपने वीर सैनिकों, लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देता है, जिन्होंने राष्ट्र के लिए कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण दिए। उनका साहस और समर्पण हमें हमेशा प्रेरित करेगा। भारतीय सेना गहरी संवेदना व्यक्त करती है और शोकग्रस्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

## अंतिम संस्कार कर लौट रही बस खाई में गिरी, 25 की दर्दनाक मौत

**नेरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में अंतिम संस्कार के बाद लोगों को वापस ले जा रही एक बस गहरी खाई में गिर गई। बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी।

ड्राइवर ने बस से खो दिया नियंत्रण

पुलिस ने कहा कि बस पश्चिमी शहर काकमेगा से किसुमु शहर जा रही थी, जहां यह दुर्घटना हुई। न्यान्जा प्रांत (जहां किसुमु स्थित है) के क्षेत्रीय यातायात प्रवर्तन अधिकारी पीटर मायना ने कहा बस के तेज गति से गोल चक्कर के पास पहुंचने पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। बस हादसे में जान गंवाने वालों में 10 महिलाएं, 10 पुरुष और 10 वर्षीय एक लड़की शामिल हैं। 4 गंभीर रूप से घायलों की अस्पतालम में मौत हो गई। कुल 25 लोगों की मौत बस हादसे में हुई है। पुलिस और राहत एवं बचाव कार्य चलाकर गहरी खाई से शवों को को बाहर निकाला गया। चार की बाद में अस्पताल में मौत हो गई।

## कपिल सिब्बल बोले- जगदीप धनखड़ 'लापता', मुझे चिंता

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक लापता होने पर चिंता जताई। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस मामले में बयान देने की मांग की।

सिब्बल ने कहा- मुझे उनकी चिंता हो रही है। इस्तीफे के बाद से हमें उनकी कोई जानकारी नहीं है। पहले मैंने 'लापता लेडीज' के बारे में सुना था, लेकिन पहली बार है जब 'लापता' उपराष्ट्रपति के बारे में सुन रहा हूं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय को इस बारे में जरूर जानकारी होगी,



इसलिए अमित शाह को इस पर बयान देना चाहिए। नहीं तो हमें मजबूर होकर धनखड़ का पता लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर करनी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि लगता है विपक्ष को ही धनखड़ की सुरक्षा करनी पड़ेगी। सिब्बल ने बताया कि उन्होंने पहले फोन किया था, तो धनखड़ के पीए ने कहा कि वे आराम कर रहे हैं। इसके बाद से किसी ने फोन नहीं उठाया। कई नेताओं ने भी यही शिकायत की। 7 अगस्त को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे पर चर्चा के लिए दी गई स्थगन सूचना को खारिज कर दिया। क्वटछ सांसद अब्दुल वहाब ने इस मुद्दे पर नियम 267 के तहत चर्चा की मांग की थी।

**धनखड़ ने 21 जुलाई को इस्तीफा दिया था**

धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दिया था, जिसकी जानकारी 22 जुलाई को राज्यसभा में दी गई। हालांकि, कई विपक्षी नेताओं ने उनके इस्तीफे पर सवाल उठाए और आशंका जताई कि यह किसी राजनीतिक दबाव का नतीजा हो सकता है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, 'ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा।'

# ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कराई अजरबैजान और आर्मीनिया में पीस डील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार व्हाइट हाउस में अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच शांति समझौता कराने में सफल रहे। अजरबैजान और आर्मीनिया के नेताओं ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक ऐतिहासिक शांति समझौते पर ट्रंप की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। अमेरिका की मध्यस्थता में हुआ यह समझौता दक्षिण कॉकस क्षेत्र में चार दशकों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करता है। ट्रंप ने दोनों देशों के नेताओं का हैंडशेक कराकर यह समझौता कराया।

अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच करीब 40 साल से संघर्ष चल रहा था। अब उम्मीद है कि यह युद्ध खत्म होगा। इस समझौते में दोनों देशों के बीच प्रमुख परिवहन मार्गों को फिर से खोलने का प्रावधान है। इसके साथ ही अमेरिका को इस क्षेत्र में रूस के घटते प्रभाव का लाभ उठाने का अवसर भी मिलेगा। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत एक नया ट्रांज़िट कॉरिडोर बनाया जाएगा,



जिसका नाम होगा ₹ट्रंप रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रॉस्पेरिटी₹ (अंतरराष्ट्रीय शांति और समृद्धि के लिए ट्रंप मार्ग)।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मार्ग का नाम अपने नाम पर रखे जाने को ₹एक बहुत बड़ा सम्मान₹ बताया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ₹मैंने इसके लिए कोई मांग नहीं की थी।₹ एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह नाम रखने का सुझाव आर्मीनिया की ओर से आया था। संयुक्त समझौते के अतिरिक्त दोनों देशों ने अमेरिका के साथ अलग-अलग समझौते भी किए हैं, जिनका उद्देश्य ऊर्जा, तकनीक और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। हालांकि इन समझौतों के विस्तृत ब्योरे अभी जारी नहीं किए गए हैं।

करीब 40 वर्षों से दोनों देशों के बीच नागोर्नो-कराबाख क्षेत्र को लेकर यह संघर्ष चल रहा था। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय रूप से अजरबैजान का हिस्सा माना जाता है, लेकिन सोवियत काल में यहां अधिकतर आर्मीनियाई लोग रहते थे। इस विवाद ने दशकों में हजारों लोगों की जान ली, जबकि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रयास विफल रहे। हाल ही में, 2023 में अजरबैजान ने कराबाख पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया था और उसके बाद से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने की बातचीत जारी थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



मथुरा में बाढ़ जैसे हालात, तीन गांव खाली करने के निर्देश

# सड़कों पर यमुना का पानी

एनएनआई

**मथुरा।** उत्तर भारत में मानसून की तीव्रता का असर मथुरा की यमुना नदी पर साफ दिखने लगा है। लगातार बढ़ते जलस्तर से शनिवार को नौहझील क्षेत्र के कई गांवों में पानी घुस गया। 24 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने अति संवेदनशील तीन गांवों को खाली कराने को कहा है, लेकिन ग्रामीण यहां से जाने से मना कर रहे हैं। नौहझील-छाता मार्ग पर चार-चार फीट पानी बहने लगा है। राहगीर पानी में से होकर गुजर रहे हैं। यमुना किनारे बसे गांवों में दहशत का माहौल है। वृंदावन और शेरगढ़ के कुछ क्षेत्रों का भी यही हाल है।

बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सुरीर, नौहझील, मथुरा शहर, वृंदावन, महावन, बलदेव आते हैं। इन क्षेत्रों के दर्जनों गांव व कॉलोनियां यमुना के किनारे बसी हैं, जहां बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि शनिवार को नौहझील क्षेत्र के 24 से अधिक गांवों में यमुना का पानी घुस गया। नौहझील-छाता जाने वाले मार्ग पर चार-चार फीट पानी बहने लगा। गंतव्य तक जाने के लिए राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। मार्ग पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहे। ऐसे में राखी बांधने जा रहीं बहनों के साथ-साथ राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

शाम को पुलिस ने मार्ग के दोनों ओर बैरिकेडिंग करके बंद कर दिया। शेरगढ़ क्षेत्र का भी यही हाल रहा। यमुना से सटे गांवों में पानी पहुंच गया। इससे किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। आने-जाने वाले मार्ग भी अवरुद्ध हो गए हैं। ताजेवाला से आ रहे पानी को गोकुल बैराज के गेट खोलकर लगातार छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में यमुना का जलस्तर 164.80 से बढ़कर 165.36 मीटर तक पहुंच गया है, जो चेतावनी बिंदु 165.200 मीटर से महज कुछ ही कम है। सिंचाई विभाग अपर खंड के एक्सईएन नवीन कुमार ने बताया है कि शनिवार को ताजेवाला बैराज से 22311 क्यूसेक और ओखला बैराज से 40479 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि मथुरा के गोकुल बैराज से 65860 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इसके बावजूद शनिवार को यमुना का जलस्तर 165.36 मीटर पर रहा।

बाढ़ जैसे हालात बनने के बाद प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए। उन्होंने शनिवार शाम को नौहझील क्षेत्र के अड्डा मीणा, छिनपाई और फिरोजपुर गांव के लोगों से घर खाली करने को कहा, लेकिन गांव वाले अपनी जिद पर अड़ गए। उन्होंने गांव खाली करने से मना कर दिया। इसके अलावा प्रभावित गावों में अड्डा मल्हान, अड्डा जाटव, बाघर्रा, बरौठ, मंडारी, रायपुर, नानकपुर, भैरई, मुसमुना, मुकदुमपुर, खुशलागढ़ी, अनरदागढ़ी, भगवान गढ़ी, तिलका गढ़ी, जाफरपुर, मंगलखोर, इनायतगढ़, दौलतपुर, बसाऊ, देदना, मरहला मुक्खा, भूरगढ़ी, पालखेड़ा, पिथौरा व फरीदपुर सहित आदि गांव शामिल हैं।



### खतरे में ये गांव

बाढ़ आने पर जिले के कई गांव प्रभावित हो सकते हैं। इनमें धौरेरा, अहिल्यागं, जयसिंपुरा, मथुरा बांगर, मथुरा खादर, माधौपुर खादर, दामोदरपुरा, औरंगाबाद, रौंची कोयला अलीपुर, करनावल, आमला सुल्तानपुर, गढ़ाया लतीफपुर, गौरा नगर कॉलोनी, वृंदावन खादर, राजपुर, खादर समेत अन्य गांव हैं। वहीं छाता तहसील में बाबूगढ़ और चमरगढ़ी गांव हैं। गोवर्धन तहसील में हाथिया, रॉकौली, ऊंचा गांव, बरसाना, चिकसौली, डाहरौली और रूपनगर गांव है। इसके अलावा मांट व महावन तहसील के भी दर्जनों गांव शामिल हैं। मथुरा-वृंदावन- 09, छाता-11, मांट-07, महावन-05, गोवर्धन-02 स्थानों पर बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं



# सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

- फिरोजाबाद में रक्षाबंधन की रात टूंडला हाइवे पर दो बाइकों की टक्कर में हादसा



**फिरोजाबाद** एनएनआई। थाना टूंडला क्षेत्र के जरोली कट के समीप हाइवे पर शनिवार देर रात दो बाइकों की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महाबीर नगर निवासी अमन शर्मा और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं।

घटना रक्षाबंधन के त्योहार की रात हुई। जानकारी के अनुसार, अमन शर्मा अपनी बहन से राखी बंधवाने के बाद राजा का ताल के पास किसी काम से गया था। वापसी के दौरान जरोली कला कट के समीप हाइवे पर यह हादसा हुआ।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है, विशेषकर रक्षाबंधन जैसे पावन त्योहार पर हुई इस दुर्घटना ने परिवारों को गहरे दुख में डुबो दिया है। इंस्पेक्टर टूंडला अंजीश कुमार का कहना है कि दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवारों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हाथरस में विद्युत करंट से दो सगे भाइयों की मौत

एनएनआई

**हाथरस।** सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी राधे में विद्युत करंट से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। घटना में पहले छोटे भाई योगेश करंट की चपेट में आया। उसे बचाने गए बड़े भाई हीरेश (45) की भी मौत हो गई।

घटना के अनुसार, 38वर्षीय योगेश पुत्र बच्चू सिंह नलकूप पर नहाने के बाद बाहर निकला। वहां बरसात की वजह से बिजली के तारों में करंट प्रवाहित था। योगेश इन तारों की चपेट में आ गया। उसकी हालत देखकर बड़ा भाई हीरेश उसे बचाने पहुंचा, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को बेहोशी की हालत में देखा तो तुरंत अस्पताल ले गए।

वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सादाबाद कोतवाली पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दोनों ने अपने पीछे दो-दो संतानों को बिलखते छोड़ा है।

## मैनपुरी में कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग...

मशरूम का होता था उत्पादन, दमकल मौके पर पहुंची



**मैनपुरी** एनएनआई। कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग लग गई। एक दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां लपटों पर काबू पाने में जुटी रहीं। आसपास के जिलों से भी दमकल को बुलाया गया। मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम करपिया में कपिलमुनि एग्रो फूड्स के नाम से मशरूम उत्पादन केंद्र है। 7 मंजिला दो बड़े ब्लॉकों में मशरूम का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है। लगभग 100 कर्मचारी प्रतिदिन काम करते हैं। रविवार सुबह 6 बजे मशरूम उत्पादन केंद्र के मालिकों को आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। दमकल लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। आसपास के जनपदों से भी फायर ब्रिगेड बुलाई गईं हैं, लेकिन आग दोनों ब्लॉकों में काफी तेज है। कड़ी मशक्कत के बाद भी आग काबू में नहीं आ रही है। एसपी सिटी अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह मौके पर हैं। कोल्ड स्टोरेज में पहले आलू का काम होता था। लेकिन बाद में इसमें मशरूम उत्पादन केंद्र बना दिया गया। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

# चकमा दे अस्पताल से फरार हुआ कैदी

**कासगंज जेल में बंद आरोपी को एसएन में कराया गया था भर्ती**

**सिपाही सोते रहे आरोपी हथकड़ी से हाथ निकाल हुआ फरार**

एनएनआई

आगरा। बंदी रक्षक सोते रहे और कैदी अस्पताल से हथकड़ी से निकालकर भाग खड़ा हुआ। बंदियों को कैदी के लापता होने की जानकारी एक घंटे बाद हुई। उसकी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं आ सका। इस मामले में थाना एमएम गेट में केस दर्ज कराया गया है। फरार कैदी जबलपुर का रहने वाला है। उसकी तलाश में टीम को भेजा है।

साइबर क्राइम के मामले में कासगंज पुलिस ने मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी 22 वर्षीय संकेत यादव को गिरफ्तार किया था। वह कासगंज जेल में बंद था। पिछले कुछ दिन से उसे पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। शुक्रवार शाम को उसे एसएन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया था। उसकी



देखरेख में बंदी रक्षक अजीत पांडे और जयंत कुमार तैनात थे। रात में दोनों कर्मचारी सो गए। इसका फायदा उठाकर रात करीब दो बजे कैदी संकेत यादव हथकड़ी से हाथ निकाल कर भाग निकला। रात तीन बजे कर्मचारियों की नींद खुली। तब उन्हें कैदी के भागने का पता चला। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना एमएम गेट पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर देखा लेकिन वह नहीं मिल सका। कासगंज जेल के उप कारापाल उमेश चंद शर्मा की तहरीर पर दोनों बंदी रक्षकों और कैदी संकेत यादव के खिलाफ मुकदमा लिखाया गया है।

**जबलपुर भेजी गई टीम**

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस टीम फरार बंदी की तलाश में जुटी हुई है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बंदी जिस रास्ते से गया होगा, उन रास्तों पर चेक किया गया है। जबलपुर भी एक टीम को भेजा गया है। बंदी रक्षक भी आरोपी की तलाश में लगे हुए हैं।

# कोहराम में बदलीं रक्षाबंधन की खुशियां

- दो दिन से था लापता बेटे की लाश देख परिजनों में मचा कोहराम

आगरा एनएनआई। जगनेर थाना क्षेत्र के गांव सरेंधी में एक परिवार की रक्षाबंधन की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब

दो दिन पूर्व घर से लापता युवक का शव सुबह घर के नजदीक कुएं में उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकालवा पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार गांव



सरेन्धी निवासी टीकम सिंह पुत्र ओमीलाल बृहस्पतिवार देर रात खाना खाकर घर से निकला था। उसके बाद से लापता था। शुक्रवार को परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन टीकम का कहीं पता नहीं लगा। परिजनों ने शाम को जगनेर पुलिस को टीकम के लापता होने की सूचना दी। पुलिस भी युवक की खोजबीन में जुटी हुई थी। शनिवार सुबह तड़के गांव से करीब तीन सौ मीटर दूरी स्थित पानी पीने वाले कुएं में ग्रामीणों ने एक युवक का शव उतरता हुआ देखा। ये देख तमाम ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष जगनेर सौरभ सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त लापता टीकम के रूप में की?।

टीकम की मौत की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार टीकम का 6 वर्ष पूर्व गांव अरदाया अछनेरा से विवाह हुआ था। मृतक के दो पुत्र नितिनऔर सुमित हैं। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को घर से लापता हुए युवक शव कुएं में मिला है। युवक को दौरे पड़ने की बीमारी थी। उसका इलाज चल रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने सूची से हटाया

आगरा एनएनआई। भारत निर्वाचन आयोग ने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को अपनी सूची से हटा दिया है। ये दल मानदंडों का पालन नहीं कर रहे थे। चुनावी व्यवस्था को साफ-सुथरा बनाने के लिए यह कार्रवाई की गई। अब 2,854 में से 2,520 आरयूपीपी रह गए हैं। वर्तमान में देश में 6 राष्ट्रीय दल और 67 क्षेत्रीय दल पंजीकृत हैं। आयोग ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। आयोग ने जून में 345 आरयूपीपी के लिए सत्यापन जांच के निर्देश दिए थे। दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि कोई पार्टी लगातार 6 वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ती है, तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाता है।

आरपी अधिनियम, 1951 के तहत, पार्टियों को पंजीकरण के समय अपने विवरण (नाम, पता, पदाधिकारी) देने होते हैं और किसी भी बदलाव की जानकारी आयोग को तुरंत देनी होती है। जांच में 345 में से 334 आरयूपीपी इन शर्तों का उल्लंघन करते पाए गए।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# सवारियों से भरी बस पर युवकों ने बोला हमला

आगरा एनएनआई। बाह से सवारियां लेकर आगरा आ रही परिवहन निगम से अनुबंधित फाउंड्री नगर डिपो की बस में बीती रात फतेहाबाद में दो युवकों ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। हमले में बस चालक घायल हो गया। सहमी सवारियों ने बस से उतरकर खुद को बचाया।

भोलपुरा कुंडौल निवासी बस चालक प्रेम सिंह व परिचालक राजेश ने बताया कि वह बाह से 11 सवारियां लेकर आगरा जा रहे थे। जरार से एक युवक शराब के नशे में बस में चढ़ गया। आरोप है कि बाबा की तिवरिया के पास बस में गाली गलौज करने लगा। विरोध करते हुए बस में बैठे एक युवक ने उसे थप्पड़ मार दिया। इस पर आरोपी ने साथियों को फोन कर दिया। इसके बाद बस जैसे ही कस्बा फतेहाबाद के पंडित दीनदयाल चौक पर पहुंची। आवाज देकर उसने अपने साथियों को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया। बस में तोड़फोड़ कर दी। बस के कई शीशे टूट गए। चालक घायल हो गया।

बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। सवारियों ने बस से बाहर निकलकर खुद को बचाया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर बस में तोड़फोड़ करने वाले दोनों युवक फरार हो गए। गुस्साए चालक ने बस को पंडित दीनदयाल चौक पर बीच सड़क पर खड़ी कर दी। इससे जाम लग गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को समझाकर बस को सड़क किनारे कराया। चालक ने पुलिस को बताया कि बस में तोड़फोड़ करने वाला युवक पूर्व में सीएनजी बस पर कंडेक्टर था। वह कस्बा फतेहाबाद का ही रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि बस में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की है। जांच की जा रही है।

# चांदी कारोबारी को झांसे में ले महिला ने ठगे 1.12 करोड़

एनएनआई

आगरा। कमला नगर निवासी चांदी कारोबारी से महिला साइबर ठग ने 18 दिन में 1.12 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। युवती ने पहले फेसबुक पर कारोबारी से दोस्ती की, फिर कॉल और मैसेज कर बातों में फंसाया। विश्वास जीतने के बाद युवती ने क्रिप्टो करेंसी में मोटे मुनाफे का लालच दिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित रश्मि नगर कमला नगर निवासी मनीष गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके पास अप्रैल में राधिका राय नामक महिला की फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। एक्सेप्ट करने के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। कुछ दिन बाद वॉट्सऐप नंबर का आदान प्रदान हो गया। उन्होंने महिला को चांदी कारोबारी होने की जानकारी दी। कुछ दिन बाद राधिका ने उनके वॉट्सऐप नंबर पर एमेक्सयूएस सीसी नाम से एक लिंक भेजा। इसके साथ ही उसने चांदी कारोबारी को बताया कि उसने कुछ दिन पहले क्रिप्टो करेंसी में निवेश किया था। अच्छा लाभ हुआ था। आप भी कर दो।

उसने कारोबारी को बातों में फंसा लिया। कारोबारी ने भी भेजे गए लिंक के माध्यम से ऐप डाउनलोड कर लिया। ऐप पर खाता खोलकर 26 अप्रैल को 50 हजार रुपये




बताए गए खाते में स्थानांतरित कर दिए।

इसके बाद वह लगातार संपर्क में रहकर बातों में फंसाए रही और कई बार में 1.12 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद मनीष ने और निवेश करने से मना कर दिया। रुपए वापस मांगे। युवती उन्हें जल्द पैसे वापस करने की कह कर टहलाने लगी। साथ ही और निवेश का दबाव बनाने लगी। उन्हें शक हुआ और साइबर थाना पुलिस से शिकायत की।साइबर थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर रकम स्थानांतरित करने वाले खातों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# कैमरा-दर-कैमरा अपराधियों तक पहुंच रही खाकी

## 1200 से अधिक कैमरों से शहर भर की निगेहबानी

एनएनआई

**आगरा।** जिस शहर का सर्विलांस सिस्टम मजबूत होता है, वहां घटित होने वाले अपराधों का निपटारा भी जल्दी हो जाता है। खासतौर पर शहर के बीचों-बीच घटने वाली घटनाओं को पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुलझा लेती है। ऐसे ही शहर भर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर करीब बारह सौ से अधिक कैमरे लगे हैं, जो पुलिस के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। इससे कुछ घटनाओं के दफन राज भी



### एक्सीडेंट करके भागे वाहन का पता सीसीटीवी से लगा

सड़क पर मोबाइल गिरा, ऑटो में बैग छूट गया एक्सीडेंट करके कोई वाहन भाग निकला तो कैमरों की मदद से पता भी लगा लिया गया। ऐसे में वे लोग भी बेनकाब हो गए जो सोच रहे थे कि उन पर किसी की नजर नहीं ही नहीं है, लेकिन तीसरी आंख ने ऐसे लोगों को दबोच लिया और पीड़ितों को राहत मिली। ये कैमरे लॉ एंड आर्डर के साथ सिटी सर्विलांस के लिए सबसे ज्यादा मददगार साबित होते नजर आ रहे हैं।

खुल रहे हैं और पुलिस की इन्वेस्टीगेशन अंजाम तक पहुंच रही है। शहर की कई बड़ी वारदातों से लेकर चोरी की अनेकों बड़ी घटनाएं तक घटीं, लेकिन इन घटनाओं को पुलिस ने इन्वेस्टीगेशन के दौरान ही सुलझा लिया। तीसरी आंख की निगरानी से शातिर चोर और लुटेरे भी पकड़ लिए गए। चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पिछले 11 माह के अंदर ही दर्जनों मामलों का खुलासा कर दिया गया है। इन कैमरों की वजह से अपराधियों में खौफ देखा जा रहा है।



# भोलेनाथ को 56 भोग अर्पण, आकर्षक झांकी का मिला दर्शन लाभ

### बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा अपर्णा रिवर व्यू अपार्टमेंट मंदिर परिसर

एनएनआई



**आगरा।** दयालबाग स्थित अपर्णा रिवर व्यू अपार्टमेंट के मंदिर में रुद्राभिषेक महोत्सव का समापन भव्य आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारा, अलौकिक श्रृंगार, महाआरती एवं भगवान भोलेनाथ को 56 भोग का अर्पण किया गया। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया। आकर्षक झांकी दर्शन ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'बम बम भोले' के जयकारों से मंदिर परिसर शिवमय बना रहा और भक्त भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए।

# 121 अभिषेकों के साथ सावन का शिवमय समापन

### अंतिम महारुद्राभिषेक में उमड़ा भक्तिभाव

एनएनआई

**आगरा।** सावन मास के अंतिम सोमवार पर श्री खाटू श्याम मंदिर, जीवनी मंडी परिसर स्थित शिवालय में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। 108 अभिषेक के संकल्प से शुरू हुआ यह अनुष्ठान श्रद्धालुओं के सहयोग से 121 अभिषेक तक पहुंचा। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और जयकारों के बीच हुए अंतिम महारुद्राभिषेक ने पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया। श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री श्याम सेवक परिवार के सहयोग से संपन्न इस धार्मिक आयोजन में शनिवार को हेमेंद्र अग्रवाल, सीमा अग्रवाल एवं यश अग्रवाल ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ महारुद्राभिषेक किया। पूर्णिमा पर खाटू नरेश का रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। महा आरती में विपिन बंसल, विकास गोयल, आकाश गुप्ता, अनूप गोयल, संतोष गुप्ता, दिनेश सिंघल सहित अनेक भक्तों ने भाग लिया। आरती के पश्चात अभिषेक करने वाले भक्तों को विशेष प्रसाद तथा सभी श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी की प्रसादी वितरित की गई।



## भगवान श्रेयांशनाथ का किया अभिषेक, अष्टद्रव्य से पूजन

### गुदड़ी मंसूर खां जैन मंदिर में निर्वाण कल्याणक महोत्सव संपन्न

**आगरा (एनएनआई)।** श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर, गुदड़ी मंसूर खां में चल रहे शांतिनाथ महामंडल विधान के अंतर्गत भगवान श्रेयांशनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं रक्षाबंधन महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित सौरभ जैन शास्त्री के मंत्रोच्चारण में भक्तों ने भगवान श्रेयांशनाथ का अभिषेक, शांतिधारा और अष्टद्रव्य से पूजन किया। इसके पश्चात मधुर भजनों के बीच निर्वाण कांड का वाचन कर प्रभु के चरणों में निर्वाण लड्डू अर्पित किया गया। धर्मसभा में पंडित सौरभ जैन शास्त्री ने रक्षाबंधन पर्व के जैन धर्म में महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौराणिक काल में अकंपनाचार्य के नेतृत्व में 700 जैन मुनियों पर राजा बलि ने उपसर्ग किया था। मुनि विष्णु कुमार ने वामन रूप धारण कर तीन पग भूमि मांगकर संसार नाप लिया और मुनियों की रक्षा की। इसी घटना की स्मृति में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि विधान का समापन 10 अगस्त को विश्व शांति महायज्ञ के साथ होगा। कार्यक्रम में सुभाष जैन, वीरेंद्र जैन, रविंद्र जैन, नरेश जैन, देवेंद्र जैन, संजीव जैन, धर्मेंद्र जैन, सुनील जैन, विपिन जैन, पंकज जैन, ध्रुव जैन, सुशीला जैन, शांत जैन सहित जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# सूरजमुखी के पुष्पों से सजा जगन्नाथ मंदिर, उत्साहपूर्वक मनाई बलराम जयंती

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बलराम जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर और भगवान के सिंहासन को सूरजमुखी के पुष्पों से सजाया गया। एकादशी से प्रारंभ हुए झूलन उत्सव के समापन पर फूल बंगला और भंडारे का आयोजन भी किया गया। सावन माह में प्रतिदिन विविध झूले सजाकर भक्तों ने श्रीराधा-कृष्ण को झुलाया और कीर्तन किया। बलराम जयंती पर पंचामृत व पंचगव्य से बलरामजी का अभिषेक किया गया, जिसके बाद भक्तों ने पुष्पवर्षा की। श्रीकृष्ण-बलराम के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। भजन-सत्संग के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने बताया कि 16 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव और 17 अगस्त को नंदोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में विश्वास प्रभु, शशांक प्रभु, ओमप्रकाश अग्रवाल, अदिति गौरांगी सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# अवधपुरी में श्रेयांशनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक रक्षाबंधन मनाया

एनएनआई



**आगरा।** पदमप्रभु जिनालय परिवार अवधपुरी के अन्तर्गत वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को श्री पदमप्रभु जिनालय, अवधपुरी में श्रेयांशनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव एवं रक्षाबंधन महापर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु के अभिषेक और शांतिधारा के साथ हुआ।

पंडित विवेक जैन शास्त्री के निर्देशन में भक्तों ने श्रेयांशनाथ भगवान का पूजन एवं निर्वाण काण्ड का वाचन किया। इसके बाद प्रभु के चरणों में 11 किलो का निर्वाण लड्डू अर्पित किया गया। मंदिर परिसर 'प्रभु श्रेयांशनाथ' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर इंद्रप्रकाश जैन, अजय जैन, ओमप्रकाश जैन, रवि जैन, प्रवीन जैन, नरेंद्र जैन, मनीष जैन, अनिल जैन, शुभम जैन, पीयूष जैन, रश्मि जैन, पुष्पा जैन, करुणा जैन, रंजना जैन, कविता जैन, गीता जैन, बीना जैन, रिंकी जैन सहित पदमप्रभु जिनालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# रक्षा बंधन पर करुणा और ज्ञान की गंगा बही

### श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन ट्रस्ट, आगरा में चातुर्मासिक कल्प आराधना का विशेष आयोजन

**आगरा (एनएनआई)।** जैन स्थानक महावीर भवन में चल रही चातुर्मासिक कल्प आराधना श्रृंखला में रक्षा बंधन के अवसर पर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जैन संतों ने करुणा, ज्ञान, विनय और आत्मसंयम के विविध आयामों पर प्रवचन दिए। आगम ज्ञान रत्नाकर बहुश्रुत जय मुनि महाराज ने भगवान महावीर की करुणा को मानवता का वरदान बताते हुए कहा कि संयमित ध्यान ही शुक्ल ध्यान है, जो जप और त्याग के मार्ग से जीवन में शांति लाता है। उन्होंने मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान–इन पांच प्रकार के ज्ञान का विश्लेषण करते हुए केवल ज्ञान को आत्मा का पूर्ण ज्ञान बताया। आदीश मुनि ने रक्षा बंधन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए इसे प्रेम और कर्तव्य का पवित्र बंधन कहा। आदित्य मुनि ने 'विनय' विषय पर बोलते हुए विनम्रता को सामाजिक सौहार्द और आत्मविकास का आधार बताया। अंत में जय मुनि ने ह्रश्री सुविधिनाथाय नमःह्न का जाप कराया और भक्तों को जामुन, जलेबी, जलजीरा व झूठा न छोड़ने की शपथ दिलाई। सभा में चल रही तपस्याओं में बालकिशन का 31वां आयंबिल, सुनीता कुमारी की 13वीं वृत्ति का सातवां दिन और संतोष का चौथा उपवास विशेष आकर्षण रहे।

# धूमधाम से शुरू हुआ 45 साल पुराना भुजरिया मेला

## तीन दिन तक लगेगा बोदला में मेला, उमड़ी भीड़



एनएनआई



**आगरा।** बाबा भोलेनाथ दियालेश्वर महादेव बोदला मेला समिति द्वारा 45 वर्षों से लगने वाले तीन दिवसय रक्षाबंधन मेले का शनिवार की शाम शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि लाल सिंह लोधी,अनूप यादव, सचिन चतुर्वेदी,बोदला चौकी इंचार्ज देवीचरण, आवास विकास कालोनी चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने मेले का फीता काट कर उद्घाटन किया।

मेला कमेठी के अध्यक्ष मुकेश राजपूत ने बताया कि मेले सर्व समाज को जोड़ने तथा हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के बारे में नई पीढ़ी को जागरूक करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाते हैं इसी बात को ध्यान रख बोदला कमेठी हर वर्ष इसका आयोजन करती है। मीडिया समन्वयक पुष्पेंद्र गोस्वामी ने बताया कि मेले के दौरान दो दिवसीय रसिया का आयोजन होगा। विजेताओं को आकर्षक इनाम मेला कमेटी द्वारा प्रदान किया जायेगा। मेले में पुलिस प्रशासन तथा ट्रैफिक पुलिस का विशेष सहयोग रहता है। सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह दे कर किया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल विजेंद्र सिंह तोमर, रमेश चंद्र राजपूत, अशोक तोमर, पूरन पंडित, राधेश्याम काका, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार तोमर, सह कोषाध्यक्ष केशव सिंह, महासचिव अमरेन्द्र सिंह, सचिव नेत्रपाल सिंह, सहसचिव अभिषेक तोमर, मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र गोस्वामी, संगठन मंत्री ताराचंद्र, सहसंगठन मंत्री रत्न सिंह, प्रचार मंत्री सतीश चंद्र, सूचना मंत्री देवी सिंह, मिढढन कुशवाहा, विनोद बघेल आदि उपस्थित रहे।



## पचकुइयां पर आज से प्राचीन भुजरिया मेला

**आगरा एनएनआई।** भुजरिया मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मुनेन्द्र जादौन द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पचकुइयाँ के प्राचीन भुजरिया मेले का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। मेले का शुभारम्भ दि0- 10 अगस्त, 2025 दिन रविवार को किया जायेगा। भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को समर्पित भुजरिया का ये मेला 100 वर्षों से भी ज्यादा प्राचीन है। रक्षाबन्धन के पावन अवसर पर बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिये अपने मायके आती थीं। इस मौके पर मेले का आयोजन और गीत मल्हार की गूंज से पावन रिश्ते की मिठास और भी बढ़ जाया करती थी। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुये पचकुइयाँ व्यवसाय समिति भुजरिया का मेला आयोजित करती है। मेले में खान पान, खेल तमाशे और खिलौने की दुकान तो लगती ही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक सजावट मेले में चार चाँद लगा देती है।



## माता जानकी ने मनाया पहला रक्षाबंधन

**आगरा एनएनआई।** जनकपुरी महोत्सव कमला नगर में समाजसेवी राजेश अग्रवाल (रसोंई रत्न) को राजा जनक बनाए जाने के कुछ दिनों बाद ही जगत जननी माता जानकी ने एक और कृपा करते हुए उनके घर पौत्री के रूप में जन्म लिया। शनिवार को राजा जनक जी के निवास पर सिया स्वरूप पौत्री ने अपने भाई अविक एवं कृषिव अग्रवाल को राखी बाँधकर अपने जीवन का पहला रक्षाबंधन त्योहार उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान राजा जनक राजेश अग्रवाल और रानी सुनयना श्रीमती अंजू अग्रवाल सहित सभी परिवारीजन बेहद हर्षित और आनंदित नजर आए।





कविता, नीरज चेतवानी, अर्जुन नगर आगरा।

## रक्षा सूत्र बांध कर उतारी प्रभु राम की आरती



**आगरा एनएनआई।** रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर राष्ट्रीय संस्था सेवा भारती से जुड़ी बहनों ने जनकपुरी महोत्सव समिति के कमला नगर स्थित कार्यालय पर पदाधिकारियों के हाथों पर रक्षा सूत्र बाँधकर उनका हौसला बढ़ाया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स), महामंत्री उमेश कंसल और संयोजक पार्षद पंकज अग्रवाल ने जनकपुरी समिति की ओर से बहनों को उपहार, मिठाई और शगुन के लिफाफे देकर उनका आभार जताया। इस दौरान जनकपुरी महोत्सव समिति से नवल किशोर शर्मा, भरत महाजन, गोपालदास बंसल, राहुल मित्तल, महेश चंद्र अग्रवाल, माधव प्रसाद अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, प्रवीण मित्तल, रैलेश अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, स्वदेश विकल, मीडिया प्रभारी केके अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी हरीश शर्मा गुड्डू, सीताराम अग्रवाल, वरुण कुमार जैन, संजीव शर्मा, पवन अग्रवाल, अशोक गोयल, दिनेश कुमार, मनीष बंसल, कंचन वर्मा, डॉ. रुचि गर्ग, चारू गर्ग, सोनिया शर्मा, शालू, राधा मित्तल, नीतू अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, साधना वर्मा और विजय गोयल तथा सेवा भारती से विभाग मंत्री अरुण कुमार गर्ग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने बनाई राखियां, भेजीं देश के जवानों के नाम



**आगरा एनएनआई।** बल्केश्वर स्थित गणेश राम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश के वीर जवानों के लिए विशेष रूप से राखियाँ बनाई और उन्हें अपने वीर सैनिकों को भेजकर अपने प्रेम, सम्मान और आभार को व्यक्त किया। छात्राओं ने अपने हाथों से सुंदर-सुंदर राखियां जवानों के लिए बनाई।

इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और हमारे सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था, जो सीमाओं पर तैनात रहकर देशवासियों की दिन-रात रक्षा करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या चारु पटेल ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी छात्राएँ इतनी छोटी उम्र में ही सैनिकों के प्रति अपने कर्तव्य और सम्मान को समझ रहे हैं। ये गतिविधियाँ बच्चों में मानवीय मूल्यों और देशप्रेम को मजबूत करती हैं।

# मकान से नकदी और कीमती सामान चोरी

एनएनआई

**पिनाहट।** कस्बा के मोहल्ला मार में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। कस्बा निवासी पीड़ित सात्त्विक पाराशर ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका मकान हजारी लाल पाराशर स्कूल के पास स्थित है। गुरुवार की रात एक परिजन की तबीयत बिगड़ने पर वे परिवार सहित दूसरे घर में सोने चले गए थे। सुबह जब वे वापस लौटे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर घर से नकदी और अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए हैं।



पीड़ित ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छानबीन की। पीड़ित ने बताया कि चोरी में हजारों रुपये की नकदी और घरेलू सामान शामिल है।

वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।



## बहनों ने शहीद भाई की प्रतिमा की कलाई पर बांधी राखी

एनएनआई

**बाह।** पाक बॉर्डर पर दुश्मन के छक्के छुड़ाकर शहीद हुए बाह के पुरा ताल गांव के शौर्यचक्र विजेता लांसनायक गोपाल सिंह भदौरिया के बलिदान पर उनकी बहनें नेहा और राखी को नाज है। शनिवार को दोनों बहनों ने शहीद स्मारक पहुंचकर बलिदानी भाई की प्रतिमा को टीका किया। कलाई पर राखी बांधी, मिठाई का भोग लगाया। देश भक्ति की राखी बांधने वाली दोनों बहनों ने बताया कि भाई के त्याग और बलिदान की यादों से तीज त्यौहार पर आंखें गौरव के आंसुओं से भर जाती हैं।

## बहनों ने चढ़वाई भाई की कांवड़

### सोरों, हरिद्वार, ऋषिकेश से लाए गंगाजल

महीने भर 41 मंदिरों में चले रुद्राभिषेक



एनएनआई

**बाह।** रक्षाबंधन पर भाई सोरों, हरिद्वार, ऋषिकेश से कांवड़ लेकर बटेश्वर पहुंचे। बहनों ने भाई की कांवड़ चढ़वा कर ब्रह्मलाल महाराज का गंगाजल से अभिषेक किया। शिव साधना और आराधना के बीच बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी। बटेश्वर में कांवड़ चढ़ाने का सिलसिला चौदस से शुरू हो गया था। सावन के आखिरी दिन भी शिव भक्त कांवड़ लेकर बटेश्वर पहुंचे। बहनें भोलेनाथ के भजन कीर्तन के साथ भाइयों का उत्साह बढ़ा रही थीं। बाह क्षेत्र के अलावा सिरसागंज, शिकोहाबाद, राजाखेडा, मुरैना, भिंड, इटावा तक के भोले के भक्तों ने शनिवार को रक्षाबंधन पर अपनी बहनों के साथ ब्रह्मलाल महाराज का अभिषेक किया। एक महीने पहले शुरू हुआ बटेश्वर के 41 मंदिरों में रुद्राभिषेक का भी शनिवार को वेदमंत्रों के बीच समापन हो गया। मंदिर के पुजारी जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि आचार्य सूर्यकांत गोस्वामी के नेतृत्व में वनारस के यज्ञाचार्यों ने शनिवार तक धार्मिक अनुष्ठान कराए। हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ समापन हो गया।

# थमने के बाद फिर चढ़ने लगी यमुना

## तराई के खेतों में डूबी हुई हैं बाजरा, तिल की फसलें

एनएनआई

**बाह।** हथनीकुंड और गोकुल बैराज से पानी आने पर अपने उफान में बाह के 35 गांवों के तराई के खेतों में यमुना नदी ने बाजरा और तिल की फसलें डुबो दी हैं। शुक्रवार को उफान के बाद यमुना नदी का जलस्तर स्थिर हो गया था। कुछ सेमी की गिरावट भी दर्ज हुई थी। जिससे नदी किनारे के गांवो के लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन शनिवार को नदी का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। बटेश्वर के घाट पर महिला स्नानागार डूब गया है। घाट पर बढ़े हुए जलस्तर को लेकर तीर्थ स्थल ट्रस्ट और प्रशासन ने सीढियों से उतर कर यमुना स्नान न करने की चेतावनी जारी की है। इधर यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तराई के गांव रामपुर चंद्रसेनी, बलाई, सुंसार, बिठौली, बिक्रमपुर घाट, चरीथा, गढ़ी बरौली, बाग गुड़ियाना के ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। सबसे पहले इन्हीं गांवों के नदी से जुड़ने वाले रास्तों पर पानी भरता है। ग्रामीणों की निगाहें नदी के जलस्तर पर टिक गई हैं। उफान के पानी में रामपुर चंद्रसेनी, बलाई, बिठौली, बटेश्वर, भोर, स्याइच, कोट का पुरा, बड़ापुरा, सुंसार, बिक्रमपुर कछार, कमतरी, चतुर्भुजपुरा, नौगवां, चरीथा, गढ़वार, बाग गुड़ियाना के तराई के खेतों में पानी भरा हुआ है। अरविंद, बलराम, रघुवीर सिंह आदि किसानों ने बताया कि डूबी फसलों के सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। बाह के एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि एतिहातन बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई गई हैं। नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। आबादी क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है।






# झूलन महोत्सव में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया गिरिराज शिला का अभिषेक

एनएनआई

**वृन्दावन।** रमणरेती क्षेत्र स्थित श्रीजी सदन (फोगला आश्रम) में वृन्दावन रासलीला संस्थान व श्रीभगवान भजनाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में श्रावण मास के अवसर पर चल रहे 19 दिवसीय 43वें झूलन महोत्सव के अंतर्गत प्रख्यात रासाचार्य स्वामी डॉ. देवकीनंदन शर्मा के निर्देशन में गिरिराज पूजा, गोवर्धन लीला व 56 भोग दर्शन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।



महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, श्रीभगवान भजनाश्रम के अध्यक्ष चांदबिहारी पाटोदिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष पण्डित मुकेश गौतम, प्रमुख भाजपा नेता पण्डित योगेश द्विवेदी, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एवं सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीगिरिराज शिला का दुग्धाभिषेक कर उनका पूजन-अर्चन किया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापर युग में देवराज इंद्र के स्थान पर गिरिराज गोवर्धन की पूजा करवाई थी।श्रीगिरिराज गोवर्धन कलयुग के प्रत्यक्ष देवता हैं,जो साक्षात रूप से ब्रजभूमि में विद्यमान होकर हम सब ब्रजवासियों की रक्षा करते हैं।साथ ही जो भक्त सच्चे मन से गिरिराज गोवर्धन की भक्ति करता है,गिरिराज बाबा उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं पण्डित योगेश द्विवेदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज गोवर्धन की पूजा करवा कर प्रकृति के महत्व को उजागर किया। प्रकृति के संरक्षण व संवर्द्धन से ही मानव जीवन स्वस्थ्य व समृद्ध हो सकता है।गिरिराज गोवर्धन साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप होते हुए भी प्रकृति को अपनी भुजाओं से संजोए हुए हैं। इस अवसर पर बिहारीलाल सर्राफ, प्रख्यात भागवताचार्य राधेश्याम शास्त्री, नरदेव चौधरी, भारत भूषण शर्मा, सौरभ शर्मा, भागवताचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा, पण्डित श्याम सुंदर गोस्वामी, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, राजकुमार पोद्दार आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।रात्रि को संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा (अन्नकूट प्रसादी) का आयोजन भी संपन्न हुआ।

## संपादकीय

# एशियाई कूटनीति पर फिर सवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अपने मनमाफिक व्यापार संधि करने के लिए दबाव बना रहे हैं, टैरिफ बढ़ा रहे हैं और जुमार्ना लगा रहे हैं। तो दूसरी ओर भारत उस दवाब में आने की बजाय अमेरिका को दबाव में लाने की कूटनीति कर रहा है।अमेरिका और यूरोपीय संघ को जवाब देने के लिए क्या भारत एशियाई भाईचारे की कूटनीति कर सकता है ! दरअसल, मोदी की यात्रा की खबर आते ही यह कयास जोर पकड़ने लगा कि क्या भारत रूस और चीन के साथ त्रिपक्षीय (आरआईसी फोरम) वार्ता फिर शुरू करने पर राजी होगा? रूस इसके लिए दबाव बनाए हुए है। गौरतलब है कि जिस रोज मोदी के चीन जाने की खबर आई, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल मास्को की यात्रा पर थे। बहरहाल, आरआईसी फोरम पुनर्जीवित हुआ, तो चीन के साथ सर्वोच्च स्तर पर भारत का फिर संवाद बनेगा। जब संवाद टूटा था, तब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत, चीन और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय शांति करार पर जोर दे रहे थे। अब उन्होंने यह प्रस्ताव फिर उठाया, तो उस पर भारत की क्या प्रतिक्रिया होगी? दरअसल, ये सारे प्रश्न जुड़े हुए हैं और इसलिए मामला उलझा हुआ है। पड़ोसी देशों में बेहतर संबंध हों, यह अपेक्षित है। लेकिन यह भी उतना ही अहम है कि यह किन शर्तों पर संभव है।इस प्रक्रिया से कई सवाल जुड़े हुए है। भारत सरकार ने यह तो कभी नहीं माना कि 2020 में चीन ने भारत की किसी जमीन पर कब्जा किया, फिर भी वह कहती रही है कि जब तक डीएसक्लेशन- यानी सीमा पर सैनिकों का जमाव खत्म नहीं होता, संबंध बेहतर नहीं हो सकते। स्पष्टतः डीएसक्लेशन नहीं हुआ है और ना ही चीन की ऐसी कोई मंशा है। फिर पाकिस्तान को चीन के निरंतर समर्थन का मुद्दा है।इसलिए यह जरूरी है कि निर्णय समग्रता में और दूरदृष्टि का परिचय देते हुए लिया जाए। क्षणिक निर्णयों की भारत को पहले ही काफी कीमत चुकानी पड़ी है। यह भी हो सकता है कि भारत की ओर से एशियाई भाईचारे की जो कूटनीति हो रही है वह अमेरिका और यूरोपीय संघ पर दबाव बनाने के लिए हो और थोड़े दिन बाद सब कुछ वापस पुराने ढर्रे पर आ जाए। यह बड़ा सवाल है, जिसका जवाब आने वाले कुछ दिनों में मिलेगा। यह अनायास नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन जाने का कार्यक्रम बनाया और उसके साथ ही जापान के दौरे का भी फैसला हो गया।

प्रधानमंत्री पहले जापान जाएंगे और वहा से चीन के दौरे पर पहुंचेंगे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से होगी और दोनों के बीच दोपक्षीय चर्चा हो सकती है। चीन और अमेरिका दोनों भारत के सबसे बड़े कारोबारी कारोबारी साझीदार देश हैं। फर्क यह है कि अमेरिका से कारोबार में व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है तो चीन से कारोबार में व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में है। अगर अमेरिका 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर अड़ा रहता है तो उसके साथ भी व्यापार संतुलन प्रभावित होगा। ऐसे में क्या भारत की ओर से चीन के साथ बेहतर व्यापार संधि करने का फैसला हो सकता है? अगर ऐसा होता है तो फिर व्यापार से लेकर क्वाड तक सब कुछ प्रभावित होगा और अमेरिका को अपनी एशियाई नीति पर नए सिरे से विचार करना होगा। एससीओ बैठक से इतर चीन के दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी होगी। दोनों के बीच दोपक्षीय वार्ता होगी। निश्चित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह बात नागवार गुजरेगी। आखिर उन्होंने रूस के साथ कारोबार करने और कच्चा तेल खरीदने की वजह से ही भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। हालांकि उन्होंने इसे 27 अगस्त तक रोका हुआ है। अमेरिका के वार्ताकारों की टीम 25 अगस्त को भारत आ रही है। अगर बातचीत में सहमति बन जाती है तो टैरिफ टल भी सकता है और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा के एजेंडे में भी कई चीजें बदल सकती हैं। बहरहाल, यह भी संयोग नहीं है कि राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल रूस के दौरे पर पहुंचे। जयशंकर और डोवाल ने गुरुवार को रूस के नेताओं और अधिकारियों से मुलाकात की। यह बात भी ट्रंप को पसंद नहीं आएगी। लेकिन भारत अगर अपने सबसे पुराने और भरोसेमंद सहयोगी की ओर लौटने का संकेत देता है तो अमेरिका को भी अपनी कूटनीति के बारे में सोचना होगा।

---

कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर की दुश्मन नहीं है बल्कि इसकी कई कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लेकिन जब बैड कोलेस्ट्रॉल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) अधिक हो जाता है, तो यह हमारी धमनी की दीवारों पर जमा होकर उन्हें कठोर और संकरी बना देता है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें साइलेंटली कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती जा रही हैं, हालांकि इस तरफ अक्सर हमारा ध्यान ही नहीं जाता है।

# ये गड़बड़ आदतें 'साइलेंटली' बढ़ाती जा रही हैं बैड कोलेस्ट्रॉल

# दिल बन रहा कमजोर

हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या के बारे में हम सभी अक्सर सुनते रहते हैं, इसे हृदय रोग-हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता है। जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल लेवल अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है ऐसे लोगों में हार्ट अटैक-स्ट्रोक होने का जोखिम भी अधिक होता है।

वैसे तो कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर का दुश्मन नहीं है बल्कि इसकी कई कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह हार्मोन बनाने, सेल की संरचना बनाए रखने और विटामिन डी उत्पादन में मदद करता है। लेकिन



जब खून में बैड कोलेस्ट्रॉल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) की मात्रा अधिक हो जाती है, तो यह हमारी धमनी की दीवारों पर जमा होकर उन्हें कठोर और संकरी बना देता है। यही प्लाक हार्ट अटैक और स्ट्रोक का कारण बनता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें साइलेंटली कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती जा रही हैं, हालांकि इस तरफ अक्सर हमारा ध्यान ही नहीं जाता है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल और इसके कारण होने वाली समस्याएं**

आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि साल 1990 से 2019 के बीच हाई बैड कोलेस्ट्रॉल और इसके कारण होने वाली समस्याओं से वार्षिक मौतें 30 लाख से बढ़कर 44 लाख से अधिक हो गईं, भारत में भी इसका खतरा तेजी से बढ़ा है। आईसीएमआर के राष्ट्रीय सर्वे के मुताबिक, देश के कई राज्यों में 30-40% वयस्क किसी न किसी रूप में हाई कोलेस्ट्रॉल-ट्राइग्लिसराइड्स से प्रभावित हैं और उनमें से कई को इसका पता भी नहीं।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली आदतें अक्सर साइलेंट होती हैं और ये चुपचाप हमारे लिपिड प्रोफाइल को बिगाड़ रही होती हैं। समय रहते इसपर ध्यान देना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है।

**सैचुरेटेड व ट्रांस-फैट वाली चीजें तो नहीं खाते हैं आप**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक आहार में गड़बड़ी कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। सैचुरेटेड व ट्रांस-फैट वाली चीजें कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली मानी



जाती हैं। सैचुरेटेड फैट को कम करके, हेल्दी फैट जैसे ऑलिव ऑयल, नट्स को अगर आहार में शामिल कर लिया जाए तो इससे बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आ सकती है और इससे दिल की बीमारियों का खतरा भी घटता है। अध्ययनों से पता चलता है कि ट्रांस-फैट बहुत हानिकारक है, इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है।

**दिनभर बैठे रहकर करते रहते हैं काम?**

ऑफिस में लंबे समय तक कुर्सी पर बैठना, टीवी-मोबाइल के सामने घंटों बिताना भी सेहत के लिए ठीक नहीं है। ये आदतें धीरे-धीरे हमारे गुड कोलेस्ट्रॉल को घटाती हैं और ट्राइग्लिसराइड को बढ़ाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हफ्ते में कम से कम 150 मिनट मध्यम-स्तर का व्यायाम जैसे तेज चलना, साइकिलिंग करने से कोलेस्ट्रॉल में सुधार आता है और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**धूम्रपान और शराब नुकसानदायक**

सिगरेट और तंबाकू सिर्फ फेफड़ों को नहीं, बल्कि आपके ब्लड लिपिड को भी बिगाड़ते हैं। धूम्रपान की आदत से गुड कोलेस्ट्रॉल कम होता है बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। अध्ययन बताते हैं कि धूम्रपान छोड़ने के कुछ हफ्तों में ही बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बेहतर हो जाता है और हार्ट अटैक का खतरा धीरे-धीरे कम होने लगता है।







# पौन लीटर की बोतल और 600 रुपये कीमत, शुरू किया पानी का बिजनेस, झोंक दी 18 साल की कमाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपना पानी का ब्रांड लॉन्च किया है। इस वॉटर ब्रांड का नाम है हिमालयन प्रीमियम वॉटर और इसकी सबसे महंगी बोतल की कीमत 600 रुपये है। भूमि के इस ब्रांड की कीमतें काफी खास हैं। इस पानी की बोतलों को 2 साइज 500 एमएल और 750 एमएल की है। भूमि ने बताया कि ये खास पानी है और इसके लिए उन्होंने 18 साल की सेविंग इन्वेस्ट की है। कांच और प्रीमियम प्लास्टिक की बोतलों में 500 और 750 एमएल की बोतलों की कीमत छोटी 90 रुपये की है और कांच की कीमतें 600 रुपये तक जाती हैं।

### हिट हीरोइन से बनीं बिजनेसवूमन

भूमि पेडनेकर पहली एक्ट्रेस नहीं हैं जिन्होंने एक्टिंग के साथ यहां अपना बिजनेस शुरू किया है। इससे पहले दीपिका, आलिया और करीना कपूर समेत कई एक्ट्रेस अपना बिजनेस लॉन्च कर चुकी हैं। अब भूमि भी इस लिस्ट में शामिल हो गई हैं। भूमि ने बॉलीवुड में अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। साल 2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हइशा' में कमाल का काम किया था। ये फिल्म खूब सराही गई थी। इसी फिल्म ने भूमि को स्टार बनाया। डेब्यू फिल्म के लिए भूमि ने 60 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। इस फिल्म के बाद भूमि ने अक्षय कुमार के साथ टॉयलेट एक प्रेम कथा और शुभमंगल सावधान में काम किया थी। ये दोनों ही फिल्में हिट रही थीं।

### ओटीटी सीरीज को लेकर बटोरी सुर्खियां

अब तक 26 से ज्यादा फिल्मों और सीरीज में काम कर चुकी भूमि ने बीते दिनों नेटफ्लिक्स पर दमदार सीरीज की थी। इस सीरीज में भूमि को काफी पसंद किया गया था। द रॉयल्स नाम की ये सीरीज बीते दिनों रिलीज हुई थी। इससे पहले भूमि ने ओटीटी फिल्म भक्षक में भी कमाल का काम किया था। इस फिल्म में भूमि ने एक पत्रकार का किरदार निभाया था जिसे खूब सराहा गया था। अपने करियर में भूमि अब तक कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। अब भूमि बिजनेसवूमन भी बन गई हैं। भूमि ने अपना पानी का ब्रांड लॉन्च किया है। अब फिल्मों के साथ भूमि बिजनेस की दुनिया में भी अपने कदम आजमाना चाहती हैं।

## सान्या मल्होत्रा ने शेयर की खुशी 'जब सुना तो यकीन नहीं हुआ'



राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना भारतीय कलाकारों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाता है। कल्पना कीजिए कि आपकी तीन फि ल्में एक ही साल में इसे जीत लें! सान्या मल्होत्रा को 71वें राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कारों में जवान, कटहल और सैम बहादुर की शानदार जीत पर प्यार का एहसास हो रहा है। जानते हैं, जब मुझे पता चला कि तीनों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहे हैं, तो मैं कुछ पल के लिए रुकी। ऐसा कम ही होता है, और मैं इसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेती। इससे मुझे सचमुच एहसास होता है कि अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करना कितना जरूरी है। एक अभिनेता के तौर पर, आपको हमेशा यह नहीं पता होता कि किसी प्रोजेक्ट को कैसा रिस्पांस मिलेगा, आप बस उसी के अनुसार चलते हैं जो आपको प्रेरित करता है, जो आपको उत्साहित करता है। और इसने मेरे लिए उस सहज ज्ञान को सबसे खूबसूरत तरीके से पुष्ट किया है, वह हमें बताती हैं। कटहल ने सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, जबकि शाहरुख खान को जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। सैम बहादुर ने राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन का पुरस्कार जीता। कथाल का निर्देशन करने वाली सान्या कहती हैं, सच कहूँ तो यह बात अभी भी पूरी तरह से लोगों के जेहन में नहीं उतरी है। कथाल को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फि ल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना बस... अवास्तविक है। ऐसी फि ल्म का चेहरा बनना, जिसकी शुरूआत एक अनोखी और अनोखी कहानी से हुई थी और उसे इस तरह की पहचान मिलते देखना, बेहद भावुक कर देने वाला है। मुझे पूरी टीम पर बहुत गर्व है, और मैं इस सफर का हिस्सा बनने के लिए बेहद आभारी हूँ। क्या 33 वर्षीय सान्या के लिए पुरस्कार बहुत मायने रखते हैं? वह मजाकिया लहजे में कहती हैं, मुझे लगता है कि पुरस्कार एक कलाकार के तौर पर आपकी कीमत नहीं बता सकते, लेकिन खासकर जब वे सच्ची सराहना से मिलते हैं, तो अच्छा जरूर लगता है। राष्ट्रीय पुरस्कार बस... अलग है। इसका एक बहुत ही खास स्थान है। ऐसा लगता है जैसे पूरा देश आपके काम को पहचान रहा है और यह बहुत बड़ी बात है। यह भावुक कर देने वाला है। यह विनम्र करने वाला है।

## वाणी कपूर ने लैंगिक भेदभाव पर किया जोरदार बयान, 'काम की भूख है'



वाणी कपूर ने हाल ही में बॉलीवुड में लैंगिक वेतन अंतर के बारे में बात की और इंडस्ट्री में एक अभिनेत्री के रूप में अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने बताया कि वह अभी उस मुकाम तक नहीं पहुँची हैं जहाँ वह ज्यादा वेतन की माँग कर सकें और उनका वर्तमान ध्यान वेतन पर बातचीत करने के बजाय काम हासिल करने पर है। कपूर ने प्रोजेक्ट्स के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि वह काम के लिए ज्यादा लालची और भूखी हैं। बातचीत में, वाणी कपूर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं इतनी सक्षम हो जाऊँगी कि मैं वह माँग सकूँ जिसकी मैं हकदार हूँ। मुझे यह भी लगता है कि यह एक तरह का सम्मान और एक निश्चित मूल्य है जो आप अपने प्रोजेक्ट में ला रहे हैं, लेकिन मैं अभी तक उस मुकाम तक नहीं पहुँच पाई हूँ। दरअसल, अपने जीवन के इस मोड़ पर मैं काम के लिए ज्यादा लालची और भूखी हूँ। नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर्स में वाणी कपूर के अभिनय को व्यापक प्रशंसा मिली है। गोपी पुथ्रन और मनन रावत द्वारा निर्देशित इस शो में वैभव राज गुप्ता, श्रिया पिलगाँवकर और सुरवीन चावला जैसे कलाकारों की टोली शामिल है। महेंद्र जाखड़ की पुस्तक द बुचर ऑफ बनारस पर आधारित यह श्रृंखला एक पुनर्कल्पित कथानक प्रस्तुत करती है, जो यस्त नामक देवता की पूजा करने वाले एक रहस्यमय पंथ के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# जिम्बाब्वे के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड
## टेस्ट इतिहास में झेली सबसे बड़ी हार

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को बुलावायो में खेले गए दूसरे टेस्ट में पारी और 359 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। यह न्यूजीलैंड के टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत रही। एक ओर न्यूजीलैंड ने अपने टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ी जीत हासिल की, तो दूसरी तरफ जिम्बाब्वे को अपने टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वैश्विक स्तर पर देखा जाए, तो यह टेस्ट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी हार है। टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है, जिसने साल 1938 में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 579 रन से शिकस्त दी थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने साल 2002 में पारी और 360 रन से जीत दर्ज की थी। यह टेस्ट इतिहास की दूसरी सबसे विशाल जीत है। इस लिस्ट में चौथे पायदान पर वेस्टइंडीज की टीम है, जिसने 1958/59 में भारत को पारी और 336 रन से हराया था। बुलावायो में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में महज 125 रन ही बना सकी। ब्रेंडन टेलर ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि मैट हैनरी ने पांच और जकारी फौल्केस ने चार विकेट अपने नाम किए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी 601/3 के स्कोर पर घोषित की। मेहमान टीम के लिए डेवोन कॉनवे ने 153 रन बनाए।




इनके अलावा हेनरी निकोल्स ने नाबाद 150, जबकि रचिन रविंद्र ने नाबाद 165 रन की पारी खेली। मेजबान टीम दूसरी पारी में सिर्फ 28.1 ओवरों का सामना कर सकी। टीम 117 रन पर ढेर हो गई। निक वेल्च तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। वह 47 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में जकारी फौल्केस ने सर्वाधिक पांच शिकार किए। न्यूजीलैंड ने सीरीज का पहला मैच नौ विकेट से जीता, जिसके बाद जिम्बाब्वे के लिए सीरीज का अंतिम मुकाबला 'करो या मरो' का था।

# अफवाहों को सिराज का जवाब
## जनाई भोसले ने मोहम्मद सिराज को बांधी राखी

मुंबई। महान सिंगर आशा भोसले की नातिन जनाई भोसले से एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद सिराज उनसे राखी बंधवा रहे हैं। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने कुछ ऐसा किया है, जिससे कई फैंस को करारा झटका लगा है। सिराज ने उस लड़की से राखी बंधवाई है, जिससे उनके अफेयर के चर्चे थे। दिग्गज सिंगर आशा भोगले की नातिन जनाई भोसले से इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को राखी बांध रही हैं। जनाई भोसले ने दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा- हैप्पी राखी, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था।



# विराट और रोहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ले सकते हैं संन्यास !

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज समाप्त हो चुकी है। इसके बाद अब टीम इंडिया जहां टी20 फॉर्मेट में एशिया कप 2025 खेलती नजर आएगी। वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अक्टूबर माह में वनडे सीरीज भी होनी है। इसको लेकर अपडेट सामने आई कि भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ही अब टी20 और टेस्ट के बाद वनडे से भी संन्यास ले संकते हैं। जिसके चलते ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर दोनों ही खिलाड़ी आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए नजर आ सकते है।

### रोहित और कोहली क्यों ले सकते हैं संन्यास ?

रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर बीसीसीआई के एक सूत्र ने दैनिक जागरण से बातचीत में कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों को अगर वनडे क्रिकेट खेलना जारी रखना है तो फिर ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद दिसंबर में वनडे प्रारूप में होने वाली घरेलू सीरीज विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेलना होगा।




### रोहित-कोहली कब खेलेंगे आखिरी मैच

रोहित शर्मा और विराट कोहली की बात करें तो इन दोनों खिलाड़ियों ने साल 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद जहां क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। वहीं इसके बाद इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले दोनों ने टेस्ट से संन्यास का ऐलान कर दिया। अब साल 2027 वर्ल्ड कप तक दोनों खिलाड़ी 40 साल के हो चुके होंगे तो ऐसे में उनके टीम में रहकर खेलने के आसार कम नजर आ रहे हैं। रोहित वनडे में 211 मैच में 11 हजार से अधिक रन बना चुके हैं तो कोहली के नाम 14181 रन वनडे क्रिकेट में दर्ज हैं। ये दोनों खिलाड़ी अगर ऑस्ट्रेलियाई दौरे से संन्यास लेते हैं तो 25 अक्टूबर को आखिरी मैच खेलते नजर आ सकते हैं।

जैसे इस साल रणजी ट्रॉफी के मैच में रोहित और कोहली खेलते नजर आए थे। अब हो सकता है कि इस शर्त के चलते दोनों खिलाड़ी पहले ही ऐलान कर दें कि ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर उनकी वनडे सीरीज आखिरी होगी। बीसीसीआई के सूत्र ने आगे कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों ने भरतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ किया है। लेकिन अब इनके पीछे युवा खिलाड़ियों की लाइन लगी हुई है। साल 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट अपनी तैयारी कर रहा है। रोहित और कोहली का आगामी वनडे वर्ल्ड कप के प्लानिंग में फिट होना मुश्किल है।

### टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे सीरीज का शेड्यूल :-

19 अक्टूबर, पहला वनडे, पर्थ
23 अक्टूबर, दूसरा वनडे, एडिलेड
25 अक्टूबर, तीसरा वनडे, सिडनी

# रविवार, 10 अगस्त राशिफल

आज का दिन मेष राशि के जातकों के लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आपको आज सगे संबंधियों और मित्रों से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के साथ आज यात्रा का कार्यक्रम भी बन सकता है। आप आज सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत रहेंगे जिसका आपको आज फायदा मिलेगा।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अनुकूल रहेगा। आपको आज भाई बहनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा और आप परिवार के लोगों के साथ मनोविनोद का आनंद ले पाएंगे। आज आपके घर पर किसी मित्र या सगे संबंधी का आगमन हो सकता है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ और अनुकूल रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आप जो भी काम करेंगे उसमे आपको सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन मे आज आपके प्रेम और तालमेल बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में आज आपकी सहभागिता बढेगी।

कर्क राशि के जातको के लिए आज रविवार का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज कुछ नए दोस्त मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन में आपको आज जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आपके घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन उलझन और परेशानी वाला रह सकता है। आपको अपने काम पर आज फोकस करना होगा। मानसिक रूप से आप आज उलझन महसूस कर सकते हैं। आज आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम में सफलता पाने के लिए अधिक प्रयास करना होगा। वैसे आज आपको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा जो आपको कठिनाइयों से निकलने का बल प्रदान करेगा।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको आज परिवार के लोगों के साथ मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। आपके घर में आज सुख साधनों का भी आगमन होगा। आप आज बच्चों के साथ मनोरंजक समय बिता पाएंगे।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपको आज अपने किए गए प्रयास और कार्यों में भाग्य सफल बनाएगा। आपकी कोई पारिवारिक चिंता और उलझन आज सुलझ जाएगी जिससे आप राहत की सांस ले सकते हैं।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ और अनुकूल रहेगा। लेकिन आपको आज अपने काम पर फोकस भी रखना होगा। सितारे कह रहे हैं कि आपको आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। आज आप सुबह से ही अपने कामकाज को लेकर तत्पर दिखेंगे। आपको आज कोई ऐसी सफलता या खुशी मिल सकती है जो यादगार रहेगी। जिन लोगों के विवाह की बात चल रही है उनकी बात आज आगे बढ़ सकती है।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपके लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कोई पुरानी बात या कोई पूर्व में किया गया काम आपको चिंता में डाल सकता है। आर्थिक मामलों में भी आज का दिन मिश्रित रहने वाला है, आय व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपको आज आर्थिक मामलों में भाग्य लाभ दिलाएगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज प्रेम और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। दोस्तों और परिवार के साथ आप मनोरंजक समय बिता पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र
आगरा

# पर्यटकों के लिए नया आकर्षण बनेगा पार्वती घाट, नवीनीकरण को मिली हरी झंडी

## 9.5 करोड़ की परियोजना स्वीकृत, सीढ़ियां-छतरियां और प्लेटफार्म बनेंगे

एनएनआई



**आगरा।** यमुना नदी के पार्वती घाट का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण जल्द शुरू होने जा रहा है। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने बताया कि बल्केश्वर मंदिर के पास महालक्ष्मी मंदिर से पार्वती घाट तक के नवीनीकरण का कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वीकृत हो चुका है। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम (सी. एंड डी.एस.) द्वारा कराया जाएगा। इस परियोजना के लिए शासन ने 9.5 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की है। इसके अंतर्गत मिट्टी का बंधा, बेंच, ऑक्टोजोनल छतरी, घाट का रिनोवेशन, टॉयलेट, चेंजिंग रूम, सीढ़ियां और प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा। कार्य जुलाई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। खंडेलवाल ने बताया कि कैलाश मंदिर पर भी घाट के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण की योजना स्वीकृत हो गई है, जबकि दयालबाग क्षेत्र में एक और घाट के निर्माण का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि पार्वती घाट का नवीनीकरण स्थानीय लोगों की सुविधा के साथ यमुना किनारे पर्यटन को भी नई दिशा देगा।

# 79 मेडल पर कब्जा कर दीक्षांत समारोह में बाजी मारेंगी छात्राएं

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 20 अगस्त को होने वाले दीक्षांत समारोह में इस साल भी छात्राएं मेडल सूची में बाजी मारेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंतिम सूची के अनुसार कुल 117 मेडल में से 79 मेडल छात्राओं को मिलेंगे, जबकि छात्रों को 38 मेडल मिलेंगे। पिछले साल 117 में से 99 मेडल छात्राओं को मिले थे। इस बार 56 छात्राएं 79 मेडल और 21 छात्र 38 मेडल हासिल करेंगे। खास बात यह है कि एसएन मेडिकल कॉलेज के डॉ. शिखर अकेले 11 मेडल जीतकर इस बार के गोल्डन बॉय बनेंगे। यदि उनके मेडल हटा दिए जाएं तो छात्रों के हिस्से केवल 27 मेडल बचते हैं। विश्वविद्यालय ने पहले 87 मेडल की सूची वेबसाइट पर अपलोड की थी, जिसे बाद में चरणबद्ध तरीके से अपडेट कर 117 मेडल तक पहुंचाया गया। आपत्तियां केवल तीन आईं, जो नाम की स्पेलिंग को लेकर थीं। पदक निर्धारण समिति के संयोजक प्रो. मनु प्रताप ने बताया कि सूची अब अंतिम रूप से जारी हो चुकी है। दीक्षांत समारोह के लिए अभी मुख्य अतिथि का नाम तय नहीं हुआ है। कुलाधिपति कार्यालय को तीन नाम भेजे गए हैं, जिनमें से एक पर जल्द निर्णय लेकर घोषणा की जाएगी।

# एसएन में बिना चीर-फाड़ के सिकुड़े दिल के वाल्व का सफल इलाज

## मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा विज्ञान में एक और उपलब्धि



एनएनआई

**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा विज्ञान में एक और उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग ने 40 वर्षीय मरीज के सिकुड़े हुए हृदय वॉल्व (माइट्रल स्टेनोसिस) का सफल उपचार बिना ओपन हार्ट सर्जरी के किया। यह उपलब्धि पूरे ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। मरीज लंबे समय से सांस फूलने और पैरों में सूजन से पीड़ित था। जांच में माइट्रल वाल्व के सिकुड़ने की पुष्टि हुई। डॉ. हिमांशु यादव के नेतृत्व में टीम ने बलून माइट्रल वाल्वोटॉमी तकनीक से उपचार किया। इसमें फेमोरल नस के जरिए विशेष बलून हृदय तक पहुंचाकर वाल्व को फैलाया गया। पूरी प्रक्रिया मिनिमली इनवेसिव रही और किसी बड़े चीरे की जरूरत नहीं पड़ी। इलाज के तुरंत बाद मरीज को राहत मिली और मात्र दो दिनों में वह स्वस्थ होकर घर लौट गया। उपचार असाध्य रोग योजना के तहत निःशुल्क किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह सफलता तकनीकी प्रगति और टीम की मेहनत का परिणाम है। इससे पहले कॉलेज में पेसमेकर प्रत्यारोपण और ब्रेन एंजियोग्राफी जैसी उन्नत सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं, और अब माइट्रल वाल्वोटॉमी इस सफर में एक नई ऊंचाई है।

